हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

11 मदवि ने क्रिकेट में मुम्बई विवि को दस विकेट ...



12 मदवि में अंतर-क्षेत्रीय युवा उत्सव 'यूनिफेस्ट ...



खबर संक्षेप

## मंदिर के दानपात्र चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मंदिर से दानपात्र चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत रिमांड पर भेजा गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना पुरानी सब्जी मंडी प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर को राहड़ रोड स्थित एक मंदिर से दानपात्र चोरी होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर केस करके जांच शुरू कर दी थी। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक राजेश द्वारा की गई। जांच के दौरान मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चोरी की वारदात कैद थी।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चमारिया रोड में हुई दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना पुरानी सब्जी मंडी प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि 29 अक्टूबर को सेक्टर-1 निवासी गायत्री की शिकायत पर अभियोग दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, गायत्री की बहन कविता की शादी चांद पुत्र सुरेश निवासी खिड़वाली के साथ हुई थी। शादी के लगभग दो वर्ष बाद कविता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा।

## 11 लाख की ठगी का आरोपी काबू, रिमांड पर



**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने रिव्यू देने के नाम पर करीब 11 लाख 99 हजार रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तारकिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि रुड़की निवासी साक्षी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

## फरार चल रहे पीओ को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने साल 2018 से फरार चल रहे पुलिस घोषित अपराधी पीओ को गिरफ्तार किया। आरोपी ने दिल्ली स्थित एटीएम बूथ से जालसाजी कर 60 हजार रुपये निकालने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। पीओ स्टाफ प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि हिसार रोड निवासी सत्येन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार सत्येन्द्र का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में जन धन योजना के तहत एक बचत खाता है, जिसकी एटीएम निकासी सीमा 10 हजार रुपये प्रतिदिन है।

## धोखाधड़ी में शामिल आरोपी काबू, रिमांड

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने शेयर मार्केट में निवेश कराने के नाम पर करीब 7 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया। अदालत में पेश करने के बाद आरोपी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। 3 दिसम्बर 2024 को मनीष को एक मैसेज मिला, जिसके माध्यम से उसे आदित्य बिड़ला इन्वेस्टक्लब ग्रुप नामक फर्जी ग्रुप में जोड़ा गया। आरोपी ने एक लिंक भेजकर मनीष की ऑनलाइन ट्रेडिंग आईडी बना दी।

---

### बच्चों की एडवेंचर ट्रिप के दौरान शूट हुए दो वीडियो आपत्तिजनक, स्कूल ने जांच कमेटी गठित की

# स्कूल बस में विद्यार्थी के हाथ में बोतल का वीडियो वायरल, स्कूल प्रशासन बोला-जूस था, शराब नहीं

**प्रिंसिपल ने कहा-वीडियो एडिटेड है, बच्चों की छवि खराब करने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिले में एक प्राइवेट स्कूल की बस से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एक छात्र के हाथ में शराब की बोतल और दूसरे वीडियो में एक गिलास नजर आ रहा है, जिसे देखकर दावा किया जा रहा है कि बस में छात्र शराब पी रहे थे। हालांकि, स्कूल प्रशासन ने इन दावों को पूरी तरह नकारते हुए कहा है कि वीडियो एडिटेड है और छात्र के हाथ में जूस का गिलास था, शराब नहीं। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। स्कूल प्रबंधन ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एक टीचर कमेटी गठित कर दी है। समिति की रिपोर्ट स्कूल चेयरमैन और जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी।

**सोशल मीडिया पर फैली अफवाहें**

मामले में दो अलग-अलग वीडियो वायरल हुए हैं। पहला वीडियो सिर्फ दो सेकंड का है, जिसमें एक छात्र स्कूल बस की सीट पर बैठा हुआ है। उसकी गोद में बैग रखा है और वह अपने हाथ में एक बोतल पकड़े हुए नजर आता है। वीडियो में सुबह 8:42 बजे का टाइम दिख रहा है। दूसरा वीडियो छह सेकेंड का है। इसमें एक छात्र बस के बीच में खड़ा होकर




एक गिलास पकड़े हुए दिखाई देता है। दावा किया जा रहा है कि गिलास में शराब है। छात्र वह गिलास पीछे बैठी छात्राओं और एक टीचर की तरफ करता हुआ नजर आता है। यह वीडियो भी बस के अंदर का ही बताया जा रहा है, जिस पर 8:52 बजे का समय लिखा है।

### गलत संदेश देने की कोशिश की गई

प्राचार्या ने बताया कि स्कूल बस बच्चों को एडवेंचर ट्रिप के लिए ले जा रही थी। उन्होंने कहा कि बस सुबह 8:40 बजे स्कूल से रवाना हुई थी और सभी बच्चों को सख्त चेकिंग के बाद ही बस में बैठाया गया था। प्रिंसिपल ने बताया कि "वीडियो का समय 8:42 और 8:52 का है। इतने कम समय में कोई छात्र बस में शराब लेकर नहीं चढ़ सकता। वीडियो को एडिट करके गलत संदेश देने की कोशिश की गई है। बच्चे के हाथ में शराब नहीं, बल्कि जूस का गिलास था।

**वीडियो का समय 8:42 और 8:52 बजे के बीच का**



### जांच कमेटी करेगी तथ्यों को स्पष्ट

स्कूल प्रशासन ने कहा कि उन्होंने मामले की जांच के लिए एक आंतरिक समिति बनाई है, जिसमें वरिष्ठ शिक्षकों को शामिल किया गया है। यह कमेटी बस में मौजूद सभी छात्रों और शिक्षकों से बातचीत कर सच्चाई सामने लाएगी। प्रिंसिपल ने कहा कि "कुछ लोग स्कूल की प्रतिष्ठा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। हम पारदर्शी जांच के पक्ष में हैं और रिपोर्ट आने के बाद इसे जिला प्रशासन व चेयरमैन के समक्ष पेश किया जाएगा।

---

### मुस्तैदी : दिल्ली में हुई घटना के मद्देनजर रोहतक पुलिस हाई अलर्ट पर

# चेकिंग के दौरान दिल्ली नंबर की गाड़ी से मिला 1 करोड़ कैश, जब्त

**शिवाजी कॉलोनी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान बरामदगी**





**हर आने-जाने वाले वाहन तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से की जा रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दिल्ली में सोमवार को हुई बड़ी वारदात के बाद रोहतक पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जिलेभर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और हर आने-जाने वाले वाहन तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की जा रही है। इसी दौरान मंगलवार देर शाम पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब थाना शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र में जलेबी चौक पुल के नीचे नाकाबंदी के दौरान एक कार से 1 करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नगदी को जब्त कर लिया है और मामले की सूचना आयकर विभाग को दे दी गई है।

### लोग अफवाहों से बचें

पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है कि वे नाकाबंदी या चैकिंग के दौरान सहयोग करें, वाहन दस्तावेज अपने साथ रखें और किसी भी तरह की अफवाहों से बचें। पुलिस का कहना है कि इस तरह की जांचें आम जनता की सुरक्षा के लिए की जा रही हैं और किसी को भी असुविधा नहीं होगी। पुलिस द्वारा पकड़ी गई गाड़ी और बरामद कैश फिलहाल जांच के दायरे में हैं। प्राथमिक जांच पूरी होने के बाद संबंधित विभाग आगे की कार्रवाई करेगा।

### रोहतक को सतर्कता की दृष्टि से हाई अलर्ट पर रखा गया

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि दिल्ली में हुई घटना के मद्देनजर पूरे रोहतक जिले को सतर्कता की दृष्टि से हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा को लेकर जिले में विशेष गश्त, नाकाबंदी और चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और प्रवेश द्वारों पर विशेष जांच अभियान चलाया हुआ है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, धर्मशालाएं, सरायें और अन्य सार्वजनिक स्थलों की भी जांच की जा रही है। बाहर से ठहरने आए व्यक्तियों की पहचान सत्यापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

### जलेबी चौक पर नाकाबंदी के दौरान मिली सफलता

थाना शिवाजी कॉलोनी प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम जलेबी चौक पुल के नीचे वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान झज्जर की दिशा से आ रही एक कार को संदेह के आधार पर रुकवाया गया। कार में चार युवक सवार थे। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो पीछे बैठे दो युवकों के पास रखे दो पिट्ठू बैगों में बड़ी मात्रा में नकदी मिली। जांच के दौरान बैगों से 500-500 रुपये के नोटों के बंडल तथा कुछ 100 और 200 रुपये के नोटों के बंडल मिले। नकदी की गिनती करने पर कुल रकम 1 करोड़ रुपये पाई गई। पुलिस ने मौके पर ही नकदी जब्त कर ली और सभी युवकों से पूछताछ शुरू कर दी।

### आयकर विभाग को भी पूरी जानकारी भेजी गई

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि बरामद की गई नकदी को अदालत के आदेशानुसार रोहतक ट्रेजरी में जमा करवा दिया गया है। साथ ही आयकर विभाग को भी पूरी जानकारी भेज दी गई है ताकि रुपये के स्रोत की जांच की जा सके। एसपी ने कहा कि फिलहाल चारों युवकों से पूछताछ चल रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इतनी बड़ी रकम कहां से आई और कहां ले जाई जा रही थी। प्रारंभिक पूछताछ में युवकों ने पैसों को व्यापारिक लेनदेन से जुड़ा बताया है, लेकिन पुलिस ने उनके बयान की पुष्टि के लिए दस्तावेज और सबूत मांगे हैं।

---

### भ्रष्टाचार के मामले में अंबाला जेल में है सुशील

# एडीजीपी वाई पूरण कुमार के गनमैन को लेकर रोहतक पहुंची एसआईटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



हरियाणा पुलिस के दिवंगत एडीजीपी वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार से एसआईटी चंडीगढ की टीम ने पूछताछ शुरू कर दी है। एसआईटी के अधिकारी सुशील कुमार को अम्बाला जेल से लेकर यमुनानगर में पहुंचे। जहां सुशील कुमार के घर पर ले जाकर पूछताछ की गई। इस दौरान टीम ने सबूत जुटाए और फिर आरोपी को रोहतक कोर्ट में पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने सुशील को न्यायिक हिरासत में अम्बाला जेल भेजने के आदेश जारी किए। एसआईटी ने पूर्व एडीजीपी आत्महत्या मामले की जांच शुरू करते हुए सुशील सहित केस से जुड़े लोगों से पूछताछ की है। इसके अलावा तत्कालीन आईजी के स्टाफ से भी पूछताछ की गई है। एसआईटी केस में सबूत जुटा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि एसआईटी ने भ्रष्टाचार केस के शिकायतकर्ता से भी पूछताछ की है।

### पत्नी की चिट्ठी पर भेजा अंबाला जेल

सुशील कुमार रोहतक जेल में बंद था। उसकी पत्नी ने सरकार को शिकायत की कि उसको जान का खतरा है और रोहतक जेल में उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके बाद जेल महानिदेशक ने सुशील को रोहतक से अम्बाला जेल भेजने के आदेश जारी किए थे।

### शराब कारोबारी ने लगाए थे आरोप

रोहतक पुलिस ने विगत दिनों शराब कारोबारी की शिकायत पर सुशील कुमार पर कार्रवाई कर केस दर्ज किया था। आरोप था कि सुशील ने कारोबारी से करीब ढाई लाख रिश्वत की मांग की थी। इसकी ऑडियो क्लिप रोहतक पुलिस को मिली तो केस दर्ज कर सुशील को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद एडीजीपी वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में अपने निवास पर पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी जांच एसआईटी कर रही है।

---

### बैठक में नपा सचिव ने दिए अधिकारियों को निर्देश

# अतिक्रमण किया तो खैर नहीं, वसूला जाएगा जुर्माना



**महम।** नगर पालिका अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते नपा सचिव नवीन नांदल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

महम नगर पालिका की एक टीम द्वारा मंगलवार को भिवानी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन दुकानदारों ने सड़क पर सामान रखा हुआ मिला, नगर पालिका की टीम ने उस सामान को अपने कब्जे में लिया और उसे नगर पालिका कार्यालय ले गई। अतिक्रमण हटाओ अभियान की अगुवाई सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत सिंह ने की। अतिक्रमण हटाने के मुद्दे पर फिलहाल नगर पालिका प्रशासन किसी भी तरह कि ढिलाई के मूड में नहीं है। कुछ जनप्रतिनिधि जो भविष्य में नगर पालिका प्रधान का चुनाव लड़ने के मूड में हैं, वे अतिक्रमण के संबंध में ढिलाई चाहते हैं। लेकिन नपा प्रधान जनहित को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण के पक्ष में नहीं है। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने इस मुद्दे पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। नपा सचिव ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी सूरत में अतिक्रमण की इजाजत नहीं दी जा सकती। क्योंकि कई दुकानदारों ने बाजार में इस कद्र कब्जा कर लिया है कि लोगों को सड़कों से निकलना दुभर हो गया है।



# दो बच्चों को बाल मजदूरी से करवाया मुक्त

**रोहतक।** बाल अधिकारों के लिए काम कर रही संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया टीम द्वारा मानव तस्करी रोधी इकाई के साथ मिलकर जीन्द बाइपास स्थित दुकान से 2 बच्चों को बाल मजदूरी करते हुए पकड़ा गया। एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के सहायक समन्वयक. विकास ने देखा कि जीन्द बाईपास स्थित एक दुकान पर 2 बच्चे बाल मजदूरी कर रहे हैं। उन्होंने बाल मजदूरी करने वाले बच्चों की जानकारी मानव तस्करी रोधी ईकाई, रोहतक (एएचटीयू) को दी। इसके बाद मानव तस्करी रोधी ईकाई, रोहतक (एएचटीयू) की टीम एवं एमडीडी ऑफ इण्डिया से सहायक समन्वयक विकास टीम के साथ जीन्द बाइपास पहुंचे। टीम ने देखा कि बच्चों से दुकान पर बाल मजदूरी करवाई जा रही हैं। टीम ने दोनों बच्चों को रेस्क्यू किया और बाल कल्याण समिति में ले आई। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक, समिति सदस्य एडवोकेट विकास अत्री, उषा रानी व अंजु ने बाल मजदूरी करवाने वाले दुकानदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने आगे से नाबालिग बच्चों से काम करवाया तो बाल कल्याण समिति उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा कार्रवाई करेगी।

## दो महीने से भैणी भैरों रोड पर दूषित पेयजल की आपूर्ति

**महम।** कस्बा महम में भैणी भैरो रोड पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले दो महीने से गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। दूषित पेयजल आपूर्ति होने से वार्ड वासी काफी परेशान हैं। इमलीगढ़ निवासी रघुवीर सिंह गोयत ने बताया कि पिछले दो महीने से वह जनस्वास्थ्य विभाग के जेई को फोन पर शिकायत कर रहा है। लेकिन जेई ने समस्या का समाधान करने की बजाए, अब उसका मोबाइल ही ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है। रघुवीर सिंह गोयत ने कहा है कि जनस्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को जेई के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और उनकी समस्या का समाधान करना चाहिए।

**जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही**

---

### वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर आरटीए सचिव की अध्यक्षता में बैठक

# डीजल ऑटो होंगे सीएनजी या इलेक्ट्रिक में तब्दील, 31 दिसंबर 2025 तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देश पर ऑटो चालकों के प्रधानों की मंगलवार को आरटीए कार्यालय में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल ने की। इसमें शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि 31 दिसंबर 2025 तक शहर में चलने वाले सभी डीजल ऑटो को चरणबद्ध तरीके से सीएनजी या इलेक्ट्रिक ऑटो में परिवर्तित किया जाएगा। इसके लिए आरटीए विभाग की टीम और ऑटो चालकों के



प्रधान मिलकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएंगे। इस अभियान के माध्यम से चालकों को पर्यावरण हित में स्वच्छ ईंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए परिवहन क्षेत्र की भूमिका अहम है। डीजल ऑटो से निकलने वाला धुआं वायु गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करता है। ऐसे में सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हैं। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के बाद एक सप्ताह के भीतर प्रवर्तन अभियान भी चलाया जाएगा।


### ऑटो स्टैंड पर करेंगे जागरूक

सभी अधिकारियों ने मिलकर निर्णय लिया कि अभियान को प्रभावी रूप से चलाने के लिए हर ऑटो स्टैंड पर बैठकें की जाएंगी ताकि अधिक से अधिक चालक सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो की ओर रुख करें। इस पहल से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि ऑटो चालकों को भी दीर्घकाल में आर्थिक लाभ मिलेगा।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'



लाइफ Style

# नोरा
## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।

हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्स: स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहना गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।


इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी


*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दीं थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने की शैक्षणिक विजिट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी में वैश्य कॉलेज, भिवानी के स्नातक विद्यार्थियों ने शैक्षणिक विजिट की। यह दौरा कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल के नेतृत्व में किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और प्रयोगात्मक विधियों की जानकारी देना था।

### पीएनबी पेंशनर्स की बैठक हुई संपन्न

**रोहतक।** अखिल भारतीय पीएनबी पेंशनर्स एवं रिटायरिज एसोसिएशन की केंद्रीय त्रैवार्षिक आम परिषद बैठक 8 व 9 नवम्बर को सहारनपुर में हुई। बैठक में संगठन के मुद्दों, मांगों पर चर्चा के साथ आगामी कार्यकाल 2025–2028 के चुनाव सम्पन्न हुए। हरियाणा के एम.एल. अरोड़ा को वरिष्ठ संयुक्त महासचिव, एस.एस. डागर को संगठन सचिव और ओ.पी. अरोड़ा को सहायक महासचिव चुना गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनसीसीपीए के महासचिव ने दीप प्रज्वलन कर किया, जबकि पीएनबी के कार्यकारी निदेशक डी. सुरेन्द्रन मुख्य अतिथि रहे।



### सरछोटू राम कालेज में लगाईं विज्ञान प्रदर्शनी

**सांपला।** राजकीय सरछोटू राम कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्रियाशील और अक्रियाशील विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण जल चक्कर ,अक्षय ऊर्जा सौर ऊर्जा भारी तकनीक रोबोटिक स्वचालित यातायात नियंत्रण ,कृत्रिम वर्षा, सोलर सेल , न्यूक्लियर पावर प्लांट,जैसे विषयों पर मॉडल दिखाए गए। छात्राओं ने अपने मॉडलों के जरिए दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान भी सुझाए।

### एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट टीम ने विजयी रथ को दी गति

# मदवि ने क्रिकेट में मुम्बई विवि को दस विकेट से किया पराजित

**मुंबई यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जो गलत साबित हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एम्पलाइज क्रिकेट टीम ने 21वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी 20 क्रिकेट कप में जीत का रथ आगे बढ़ाते हुए आज मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। एमडीयू टीम के कप्तान नरेंद्र शीलक को ऑल राउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि, हिसार में आयोजित इस प्रतियोगिता में आज एमडीयू एम्पलाइज क्रिकेट टीम का मुकाबला मुंबई यूनिवर्सिटी की टीम के साथ हुआ। मुंबई यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। लेकिन एमडीयू टीम की सटीक गेंदबाजी ने मुंबई यूनिवर्सिटी के पहले बल्लेबाजी करने के निर्णय को गलत साबित कर दिया। एमडीयू ने ओपनर बल्लेबाजों नरेंद्र शीलक और राज की तेज तर्रार बैटिंग की बदौलत सिर्फ 4.4 ओवर में नाबाद रहते हुए यह लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। नरेंद्र शीलक ने 17 गेंदों पर नाबाद 56 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। टीम की जीत में बाकी खिलाड़ियों आनंद प्रजापति, गौरव दुरेजा, राजेश पंवार, योगेंद्र सिवाच, राजेश शर्मा, परवीन कुमार, महिपाल फौगाट, नन्द किशोर, सुनील कुमार और सुरेन्द्र कुमार का विशेष योगदान रहा।

**कप्तान नरेंद्र शीलक बने मैन ऑफ द मैच**



रोहतक। बल्लेबाजी के लिए तैयार खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**पंकज नैन ने लिया पहला विकेट**

एमडीयू के गेंदबाज पंकज नैन ने पावरप्ले के तीसरे ओवर में विकेट लेते हुए मुंबई को पहला झटका दिया। राज ने चौथे और छठे ओवर में दो बल्लेबाजों को बोल्ड कर मुंबई टीम को दबाव में ला दिया। जिसके बाद दीपक कुमार ने एक विकेट और रामबीर राणा ने दो विकेट लेकर मुंबई पर शिकंजा कस दिया। रही सही कसर एमडीयू कप्तान नरेंद्र शीलक ने अपने स्पिन गेंदबाजी के जाल में मुंबई टीम को फंसाते हुए पूरी की और तीन विकेट झटके। ऋषि सैनी ने आखिरी विकेट लिया और मुंबई की टीम 16.4 ओवर में मात्र 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

# बीएमयू में पायथन डेवलपमेंट और यूआई वेब डिजाइनिंग पर प्रशिक्षण

- एमएसएमई विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों से कराया परिचय, कुलपति ने व्यावहारिक शिक्षा पर दिया जोर



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पायथन डेवलपमेंट एवं यूआई वेब डिजाइनिंग के अवसर पर उपस्थित कुलपति प्रो. बी.एम. यादव, कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से पायथन डेवलपमेंट एवं यूआई वेब डिजाइनिंग पर 42 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक प्रोग्रामिंग और वेब डिजाइनिंग की बारीकियों की प्रशिक्षणात्मक जानकारी दी जाएगी। यह आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सहयोग से किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रंजय कुमार सिंह, प्रबंधक (एमएसएमई), और राहुल, डोमेन विशेषज्ञ (एमएसएमई), ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने पायथन प्रोग्रामिंग, आधुनिक वेब डिजाइनिंग टूल्स और इंडस्ट्री में इनकी बढ़ती मांग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे इन तकनीकों का उपयोग कर आकर्षक और प्रभावी वेब एप्लिकेशन विकसित किए जा सकते हैं। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि एमएसएमई जैसे संस्थानों के सहयोग से आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ते हैं। इस मौके पर डीन महोदय, डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. सुदेश, सुश्री कीर्ति, डॉ. नेहा, सुश्री दीपिका, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. बनिता, डॉ. राहुल, डॉ. अनिल डूडी, और डॉ. सोमवीर आर्य रहे।

## आईआईएम रोहतक ने टाटा स्टील-ए-थॉन 2025 में रचा इतिहास




**रोहतक।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रोहतक ने टाटा स्टील की प्रतिष्ठित वार्षिक बिजनेस प्रतियोगिता स्टील-ए-थॉन 2025 में शानदार सफलता दर्ज की है। संस्थान की टीम पाथफाइंडर्स ने ग्रोथ ट्रैक में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2.50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 7 नवम्बर को कोलकाता में हुआ, जिसमें देश के 34 प्रमुख बी-स्कूलों के 11,000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेता टीम में इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (बीबीए+एमबीए) के छात्र अनिरुद्ध साहा, आदित्य प्रथम और अश्विन आर. एस. शामिल थे। टीम ने टाटा स्टील की दीर्घकालिक कारोबारी दृष्टि और नवाचार आधारित रणनीति से जूरी को प्रभावित किया। आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान के अनुभवात्मक अधिगम और नेतृत्व विकास पर आधारित शैक्षणिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

# गुरु तेग बहादुर की शहादत मानवता के नैतिक साहस का प्रतीक : आदित्य बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स ने श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। वास्तुकला संकाय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रख्यात वक्ताओं, संकाय सदस्यों और छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सेमिनार की शुरुआत से पहले लाल किला बम विस्फोट पीड़ितों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस सत्र में होली हार्ट हॉस्पिटल के निदेशक और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बत्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. बत्रा ने गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन का एक सम्मोहक वृत्तांत प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी आध्यात्मिक यात्रा और उस गहन नैतिक साहस का वर्णन किया गया जिसने उन्हें भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता के सबसे महान रक्षकों में से एक बनाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे गुरु तेग बहादुर ने मुगल सम्राट औरंगजेब के अधीन धार्मिक उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होकर समर्पण के बजाय शहादत को चुना।



रोहतक। सिद्धगुरुवर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव। फोटो : हरिभूमि

# गुरु तेग बहादुर के आदर्शों को अपनाएं : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लेक्चर थियेटर पांच में मंगलवार को हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर के राष्ट्र के लिए बलिदान के 350 वर्ष होने पर एक जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. एच.के. अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कुल सचिव डॉ. रूप सिंह और डॉ. एस.के. सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय और बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. मार्कंडेय आहूजा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में डीन छात्र कल्याण डॉ सविता सिंघल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। गुरुद्वारे से आई हरभजन सिंह की टीम द्वारा गतका दिखाकर सभी में जोश भरा गया, जिस पर सभी ने खडे होकर तालियां बजाई। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा और डॉ. हरनीत सिंह ने किया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में गतका पाटी को सम्मानित करते कुलगुरू डॉ. एच.के. अग्रवाल,डॉ. एस.के. सिंघल व कुल सचिव डॉ. रूप सिंह।

**जीवन में गुरु का होना बहुत अहमः आहूजा**

व्याख्यान देते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि हमें अपने गुरुओं को याद करना चाहिए और उनके एहसान को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का होना बहुत अहम होता है। डॉ. मारकंडेय ने कहा कि अपने लिए तो सभी करते हैं और जो



रोहतक। करतब दिखाती गतका पार्टी। फोटो : हरिभूमि

# पब्लिक हेल्थ साइंसेज विभाग के छात्रों ने किया बनियानी गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की सामुदायिक पहुंच और ग्रामीण विकास पहल के तहत बनियानी गांव का दौरा किया। पब्लिक हेल्थ साइंसेज विभाग के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग इस दौरान टीम ने गांव के सरपंच रामजीवन से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने गांव में नियमित रूप से आकर विकासात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए बनियानी सहित पांच गांवों में स्वच्छता सुधार, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग, तथा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमीनी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।




रोहतक। बनियानी गांव के शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होते विद्यार्थी।




## योजनाओं का पात्रों तक अविलंब पहुंचाएं लाभ : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक अविलंब लाभ प्रदान करने के लिए अधिकारियों को लघु सचिवालय में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। स्थानीय लघु सचिवालय के भू-तल स्थित कमरा संख्या 20 में प्रति कार्य दिवस समाज कल्याण एवं कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन करवाने की व्यवस्था की जायेगी। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न सामाजिक पेंशन योजनाओं, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं क्रीड से संबंधित वार्षिक आय व जाति वेरिफिकेशन इत्यादि की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा जिला कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पात्र व्यक्तियों के आवेदन करवाने के लिए अपने कार्यालय में व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का अविलंब लाभ दिया जाए।

# सिद्धेश्वर सदगुरु ब्रह्मर्षि गुर्वानंद स्वामी 7 को चंडीगढ़ में देंगे आत्मोद्धार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

'सिद्धगुरुवर' श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुर्वानंद स्वामी के पावन सान्निध्य में शक्ति चेतना उत्सव का आयोजन आगामी सात दिसंबर को चंडीगढ़ क्लब, सेक्टर-1 स्थित कमांडो लॉन में भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर सिद्धगुरुवर श्रद्धालुओं को अपने साधना-स्रोत से उत्पन्न दिव्य अमृत तत्व का अनुभव कराएंगे और मानवता, संयम, सेवा व आत्मदर्शन के पथ पर चलने का प्रेरक संदेश देंगे। इस आध्यात्मिक आयोजन की जानकारी विश्व चेतना मंच भिवानी शाखा अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस उत्सव में भिवानी सहित पूरे हरियाणा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। सभी भक्तों के लिए यात्रा और आवास की विशेष व्यवस्था की गई है। मीनू अग्रवाल ने बताया कि विश्वधर्म चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित यह उत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मजागरण और मानव कल्याण का सामूहिक पर्व है। मंच वर्षों से मानव सेवा, राष्ट्र उन्नयन और विश्व कल्याण के लिए कार्यरत है। श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुर्वानंद स्वामी का जीवन अध्यात्म, साधना और मानवता की सेवा को समर्पित रहा है। 12 जनवरी 1941 को भारत भूमि पर जन्मे गुरुदेव बचपन से ही अद्भुत आध्यात्मिक प्रतिभा के धनी रहे। मात्र 12 वर्ष की आयु में उन्होंने चारों वेद, उपनिषद, गीता, रामायण, पुराण और विश्व के 72 धर्मों के ग्रंथों का गहन अध्ययन कर लिया था।



रोहतक। सिद्धगुरुवर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव।

**तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता**

भिवानी शाखा अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों में मंच के राष्ट्रीय संयोजक भूपेंद्र जैन , हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष रोशन लाल जैन , भाग सिंह दमदमा , सत्यम गुप्ता , प्रवीण गुप्ता और अनेक अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सात दिसंबर को होने वाला यह शक्ति चेतना उत्सव न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान होगा, बल्कि आत्मिक अनुभूति, प्रेम और सेवा का उत्सव भी होगा, जो हर हृदय को नई दिशा और चेतना से भर देगा।




स्किल डेवलपमेंट और रोजगार विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

## विद्यार्थी डिग्री के साथ-साथ स्किल को भी मजबूत करें: राजेश

**रोहतक।** डिविजनल एंप्लॉयमेंट ऑफिसर राजेश सांगवान ने कहा कि विद्यार्थी डिग्री के साथ-साथ अपनी स्किल को भी मजबूत करें, ताकि रोजगार पाने में ज्यादा सुविधा हो। राजेश सांगवान मंगलवार को जाट कॉलेज में विद्यार्थियों से रूबरू होकर स्किल डेवलपमेंट और रोजगार विषय पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ जोगेंद्र सिंह दहिया ने कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया। मीडिया लैब में आयोजित विशेष व्याख्यान में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सिर्फ डिग्री धारक ही ना बने बल्कि अपनी स्किल को भी मजबूत करें। उन्होंने कहा कि मजबूत शिक्षा सपनों का आधार है कामयाबी के लिए संकल्प शक्ति मजबूत होगी तो रोजगार आप लोगों से दूर नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मनपसंद काम कभी थकावट नहीं देता और गोल सेट कर लाइफ में अपनी क्षमता को पहचानते हुए विद्यार्थी कार्य को मंजिल तक पहुंचाएं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि आपकी स्किल आपका आचरण और आपकी लॉयल्टी कहीं भी आपको बेहतर से बेहतर जॉब दिलवा सकती है।

**सूचना**

मैं, ललित कुमार पुत्र श्री कश्मीरी लाल गांव बैंसी उपतहसील लाखन माजरा, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री उमंग मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, कुलदीप पुत्र श्री रामकुमार निवासी गांव सामण, तहसील महम, 'जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा छोटा भाई राजेन्द्र पुत्र श्री रामकुमार की मृत्यु वर्ष 2009 में हो चुकी है व उसकी पत्नी कमलेश की मृत्यु वर्ष 2010 हो चुकी है। मेरे छोटे भाई का पुत्र सुमित पुत्र राजेन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, अमन पुत्र श्री मुकेश कुमार निवासी गांव नया बांस, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि पहले मेरे सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम मुकेश और माता का नाम सुदेश था। अब मैं मेरे सभी दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम मुकेश कुमार और माता का नाम सुदेश देवी करवाना चाहता हूं।

**बेदखली सूचना**

मैं, रोहतास पुत्र श्री रामेहर निवासी वार्ड नं. 1 खेड़ी सांपला जिला रोहतक अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है, इसलिए मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# डाइट रोहतक में वर्चुअल लैब प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डाइट मदीना में आज से पांच दिवसीय वर्चुअल लैब्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में रोहतक जिले के विभिन्न विद्यालयों से 50 अध्यापक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर डाइट प्रवक्ता सुमित सेहरावत ने बताया कि प्रशिक्षण में विज्ञान एवं गणित विषय के पीजीटी अध्यापकों को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्चुअल लैब्स आधारित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अध्यापकों को ऑनलाइन प्रयोगशालाओं के उपयोग, डिजिटल प्रयोगों के संचालन तथा प्रयोगात्मक अधिगम को कक्षा शिक्षण में एकीकृत करने की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वर्चुअल लैब्स पोर्टल पर पंजीकरण, प्रयोगों का संचालन, रिपोर्ट तैयार करना तथा विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने का व्यावहारिक अनुभव कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में डाइट मदीना की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसके कॉर्डिनेटर डाइट प्रवक्ता जितेंद्र सिवाच हैं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में सुमित सेहरावत, अनिल कौशिक एवं डॉ. अलका मदान सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. सतीश कौशिक, डॉ. सुमन लता एवं डॉ. मनजीत भी उपस्थित रहे और शिविर के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



रोहतक। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**रस्म पगड़ी**



**स्व. श्री नवीन शर्मा (मोनू)**

बड़े शोक और दुख के साथ यह सूचित करते हुए खेद है कि हमारे प्रिय श्री नवीन शर्मा (मोनू) का निधन 3 नवम्बर 2025 को हुआ।

**उनकी याद में प्रार्थना सभा**

**13 नवम्बर 2025 (गुरुवार) को**

दोपहर 1:30 बजे से 3 बजे तक

स्थान: मातुराम कम्युनिटी सेंटर, गांधी कैम्प, रोहतक में आयोजित की जाएगी

Ph. No. 7015039147, 8168069566

## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने यूथ फेस्टिवल में चमक बिखेरी

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा की छात्राओं ने पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में 6 से 8 नवम्बर तक आयोजित ज़ोनल यूथ फेस्टिवल 2025 उड़ान में शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा तमन्ना (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने हिंदी कविता प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया, खुशी और शिवानी (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने एकल नृत्य (महिला) में तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि जसविंदर (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने रंगोली में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय की प्राचार्या इंदु सपरा ने विजेता छात्राओं को बधाई दी।

### गौड़ ब्रह्मान कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मना

**रोहतक।** गौड़ ब्रह्मान कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शोध एवं विकास सेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब उसे व्यवहार में उतारा जाए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं राधिका, नर्मदा, प्रियंका, भारती और आकाश ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। मौके पर डॉ. सविता शर्मा, डॉ. मोना, डॉ. सोहन, किरण, पूनम, निधि और पूनम उपस्थित रहे।

### वैश्य महाविद्यालय में ऑनलाइन क्विज स्पर्धा

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग एवं एनईपी समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल लेवल ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह क्विज़ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रही। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से 207 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मोनिका गुप्ता ने बताया कि भारत में हर वर्ष 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है।

**स्मैक कारोबार, धमकियों और बदले की आग में झुलसा गांव**

# बाप-बेटे की धमकी के चलते छोड़ना पड़ा था संजय को गांव, दुकान बेचनी पड़ी


**साल 2023 में गांव के ही किरयाना दुकानदार जगबीर की हत्या कर दी गई थी**
**संजय ने भाई की हत्या का लिया बदला, अब गांव में सन्नाटा, ग्रामीण स्तब्ध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव बलियाना में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। गांव में अब यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि इस हत्या की जड़ें दो साल पुरानी रंजिश से जुड़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दीपक और उसके पिता धर्मबीर के कारण ही आरोपी संजय को गांव छोड़कर जाना पड़ा था। यहां तक कि उसे अपनी किरयाना की दुकान बेचकर परिवार सहित सांपला में बसना पड़ा। माना जा रहा है इसी रंजिश में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

### दो साल पहले पहली हत्या, उसी से दुश्मनी

साल 2023 में गांव के ही किरयाना दुकानदार जगबीर की हत्या कर दी गई थी। आरोप था कि हत्या सचिन उर्फ सागर, जो दीपक का भाई था, ने की थी। इसके बाद से ही जगबीर का परिवार भय के साये में जीने लगा। ग्रामीणों के अनुसार, हत्या के बाद धर्मबीर और उसका बेटा दीपक लगातार जगबीर के परिवार को धमकाते रहे। उनके डर से जगबीर के भाई संजय को न केवल गांव छोड़ना पड़ा बल्कि दुकान तक बेचनी पड़ी।



### सात नवंबर को ली गई थी बदले की खौफनाक साजिश

पुलिस के अनुसार, 7 नवंबर की सुबह दीपक अपने दोस्तों के साथ गांव की चौकीदार बैठक में बैठा था जबकि उसका पिता धर्मबीर घर पर मौजूद था। इसी दौरान संजय भतीजे और तीन अन्य युवकों के साथ वहां पहुंचा। पहले उन्होंने दीपक से पिता का नाम पूछा और फिर उसकी छाती में गोली मार दी। इसके बाद वे घर पहुंचे और धर्मबीर को भी गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

### श्मशान घाट में दी गई धमकी से बढ़ा तनाव

धर्मबीर और दीपक की हत्या के बाद जब आरोपी सचिन उर्फ सागर, जो पहले से जेल में था, पैरोल पर श्मशान घाट पहुंचा तो उसने खुलेआम धमकी दी कि अब ऐसा बदला लूंगा कि पूरा गांव देखेगा। इस धमकी के बाद गांव में तनाव और भय का माहौल है। धर्मबीर के घर पर ताले लटके हैं और ग्रामीण खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

### बदले उतरते नहीं, बदले चढ़ते हैंः राजेश

गांव के भाजपा नेता राजेश प्रधान ने कहा कि दो साल पहले सचिन ने जगबीर की हत्या की थी और अब उसके भाई संजय ने दीपक और धर्मबीर की। यह बदले की आग गांव को निगल रही है। प्रधान ने कहा कि बदले कभी उतरते नहीं, बदले चढ़ते हैं। अब गांव की शांति खतरे में है, इसलिए दोनों परिवारों के बीच सुलह के लिए बुजुर्गों और प्रशासन को आगे आना चाहिए।

### प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत

राजेश प्रधान ने यह भी कहा कि आजकल युवाओं में हत्या और हिंसा को दिखावा समझने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। आजकल वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालना एक फैशन बन गया है कि किसने किसे मारा। यह बेहद खतरनाक ट्रेंड है। प्रशासन को इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि साथ ही नशे की बढ़ती समस्या को रोकना भी जरूरी बताया।

### गांव में पुलिस की निगरानी जारी


फिलहाल बलियाना गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। दोनों परिवारों के घरों पर ताले हैं। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और गांव में लगातार गश्त कर रही है। जांच अधिकारी के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ हत्या और षड्यंत्र के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### स्मैक बेचने में लिप्त था मृतक दीपक पहले से दर्ज था केस

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दीपक का नाम स्मैक बिक्री से जुड़े मामलों में भी सामने आ चुका था। इस संबंध में उस पर एक मामला दर्ज था। कहा जा रहा है कि दीपक का व्यवहार भी गांव में दबंगई भरा था और वह अक्सर अन्य युवकों को धमकाता था। संजय की दुकान के पास ही चौकीदार बैठक हुआ करती थी, जहां दीपक अक्सर उसे परेशान करता था। इसी वजह से संजय ने गांव छोड़ने का फैसला लिया था।

**टैगोर सभागार में भव्य शुभारंभ, युवाओं में दिखा उत्साह**

# एमडीयू में यूनिफेस्ट-25 का आगाज़ सांस्कृतिक झंकार से गूंजा परिसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण समिति द्वारा आयोजित 44वें अंतर-क्षेत्रीय युवा उत्सव 'यूनिफेस्ट-25' का आज टैगोर सभागार में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह उत्सव (11 से 13 नवम्बर 2025) विश्वविद्यालय परिसर को रचनात्मकता, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता के रंगों से सराबोर कर गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। उद्घाटन सत्र के बाद प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, समूहगान, नाट्य प्रस्तुतियों और आधुनिक कला की झलकियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से बार-बार गूंज उठा। राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर समाज में ज्ञान, विवेक और प्रगति का प्रकाश फैलाता है।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

### कार्यक्रम की शुरुआत में दिल्ली धमाके में मारे गए लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा



कार्यक्रम की शुरुआत में दिल्ली धमाके में मारे गए लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया, जिसके बाद निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मानवता, एकता और शांति का संदेश ही सच्ची श्रद्धांजलि है। यूनिफेस्ट-25 के अंतर्गत स्वराज सदन, फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर और आरके ऑडिटोरियम सहित विभिन्न स्थलों पर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि एमडीयू केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समृद्धि का भी केन्द्र है, जहां शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिलता है।

### सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधारः कुलपति



कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू आज जिस ऊँचाई पर है, वह विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ सांस्कृतिक गतिविधियाँ भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। यूनिफेस्ट जैसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि नेतृत्व, आत्मविश्वास और सृजनशीलता को भी निखारते हैं। डीन छात्र कल्याण प्रो. सपना गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यूनिफेस्ट विश्वविद्यालय की जीवंत परंपरा का प्रतीक है, जो छात्रों को एकता, सृजनशीलता और सहयोग की भावना से जोड़ता है। डिप्टी डीन प्रो. सोनू ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। निदेशक युवा कल्याण डॉ प्रताप राठी और उनकी टीम ने कार्यक्रम संचालन और समन्वयन सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवि प्रभात और डॉ. प्रियंका यादव ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विश्वविद्यालय अधिकारी तथा अनेक महाविद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिक्षा भारती विद्यालय में नेत्र जांच एवं स्वर्ण प्राशन कैंप



- कैंप में लगभग 400 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय गोहाना रोड में मंगलवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से नेत्र जांच एवं स्वर्ण प्राशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कैंप विद्यालय परिसर में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके मानसिक और शैक्षणिक प्रदर्शन को भी बेहतर बनाना था। विद्यालय प्रबंधन ने यह महसूस किया कि आज के समय में बढ़ती स्क्रीन टाइम और बदलती जीवनशैली के कारण बच्चों की दृष्टि संबंधी समस्याएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। विद्यालय ने विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम को आमंत्रित किया, जिन्होंने बच्चों की आखों की बारीकी से जांच की। कैंप में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। जिनको चश्मे की आवश्यकता पाई गई, उन्हें उपयुक्त लेंस की सलाह दी गई। कार्यक्रम की दूसरी प्रमुख गतिविधि स्वर्ण प्राशन संस्कार रही, जो आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा पर आधारित है। मौके पर विद्यालय में आयुर्वेद विशेषज्ञों की देखरेख में विद्यार्थियों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। संयोजिका आदेश राजपाल ने कहा कि "विद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी मानसिक, शारीरिक और नैतिक दृष्टि से भी सशक्त बनें।

### शुभकामनाएं दीं

मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता ,कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक ,डा. दिनेश मदान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया और सभी को स्वस्थ एवं सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### मास्टर चांदसिंह ने एशिया में जीता सिल्वर



**रोहतक।** चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 5 से 9 नवम्बर तक हुई 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रदेश के 85 वर्षीय खिलाड़ी मास्टर चांदसिंह अहलावत ने एशिया स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। झज्जर के डीघल गांव के मूल निवासी और वर्तमान में रोहतक के लक्ष्मी नगर में रहने वाले अहलावत ने चोटिल होने के बावजूद शॉटपुट में 8.17 मीटर गोला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो में मामूली अंतर से गोल्ड मेडल चूके। हरियाणा मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव चरणजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 देशों के 3312 एथलीटों ने भाग लिया। मास्टर चांदसिंह ने कहा कि वे 65 वर्षों से खेलों से जुड़े हैं, लगभग 4000 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है और अब तक 800 से अधिक मेडल जीत चुके हैं। उनका अगला लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना है।

### लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में रह रहे दो नाबालिग 10 नवंबर की रात से संस्था से लापता

रोहतक। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि स्थानीय गोहाना रोड स्थित लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में रह रहे दो नाबालिग विनय (13 वर्ष) व पप्पू (12 वर्ष) संस्था को बिना बताये 10 नवंबर को रात करीब 9 बजे आश्रम की दीवार पर लगी कांटेदार तारों को पार करके कहीं चले गए है। इसकी सूचना मिलते ही वे संबंधित अधिकारियों व बाल कल्याण के सदस्यों के साथ संस्था में पहुंचे और घटना बारे जानकारी ली। इस बारे में स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस को सूचित किया गया तथा आसपास के क्षेत्र में दोनों बच्चों की काफी तलाश की गई। पुलिस द्वारा संबंधित बच्चों की फोटो सहित जानकारी अन्य क्षेत्रों में सांझा की गई है, परंतु अभी तक इन बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। संस्था की केयर टेकर अजीत शास्त्री की ओर से स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। संस्था के साथ-साथ पुलिस द्वारा भी इन बच्चों की तलाश की जा रही है।

**चिकित्सकों को कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति के विरुद्ध शपथ दिलवाई**





### नीमा की ओर से 800 डॉक्टर्स के लिए क्रेडिट पॉइंट सीएमई वैश्य इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम में आयोजित

**रोहतक।** केन्द्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय कमीशन के दिशानिर्देशानुसार राज्य के सभी पंजीकृत बीएएमएस डॉक्टर्स के लिए उनकी रिन्यूअल के लिए क्रेडिट पॉइंट लेने के लिए सीएमई वैश्य इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा से 800 चिकित्सक ने भाग लिया। इसमें महिला चिकित्सकों की भागीदारी भी बड़े स्तर पर रही। नीमा हरियाणा के प्रधान डॉ.विश्वजीत सिंह फोगाट ने बताया कि चिकित्सकों को उनकी चिकत्सा पद्धति में होने वाली नई नई खोज एवं समय अनुसार उन्हें उनकी अपनी चिकित्सा में अपग्रेड किया जायेगा जिससे उन्हें और उनके मरीज दोनों को लाभ होगा। सभी उपस्थित चिकित्सकों को कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति के विरुद्ध शपथ दिलवाई। आयुष विभाग की उप निदेशक डॉ. सुषमा नैन भी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। नीमा के संरक्षक डॉ.सुधेश मोहन कौशिश ने नीमा हरियाणा के इस प्रयास की सराहना करते हुए विचार व्यक्त किए। मंच का सञ्चालन नीमा के महासचिव डॉ. विनय बंसल द्वारा किया गया। डॉ.संजीव मदान , डॉ.सुनील खटकड़, डॉ.धरमपाल मुद्गिल ,डॉ. तरुणा सचदेवा , डॉ. अनीता कुंडू , डॉ. अनिषा टक्कर , डॉ.सिद्धार्थ नांदल, डॉ. दीपमाला यादव, डॉ. आशीष मेहता, डॉ.अतुल भारद्वाज, नीमा महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. अंजू फोगाट , डॉ. बरिता अग्रवाल ,डॉ. मीनू बंसल, डॉ. तरुणा सचदेवा , डॉ. अनीता कुंडू , डॉ.अनिषा टक्कर, डॉ.ऋषिपाल, डॉ. संजीव मदान, डॉ.सुनील खटकड़, डॉ.धर्मपाल मुदगिल आदि मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# भालौठ, बोहर व पाड़ा मोहल्ला में लगभग 6.5 एकड़ में विकसित चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**तोड़-फोड़ अभियान में 10 डीपीसी, कच्चा व पक्का रोड़ नेटवर्क, तीन चार दीवारी व सीवरेज सिस्टम तोड़ा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माणों कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला के गांव भालौठ, बोहर एवं पाड़ा मोहल्ला में लगभग 6.5 एकड़ में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया।

अभियान के दौरान 10 डीपीसी, कच्चा व पक्का रोड नेटवर्क, तीन चार दीवारी व सीवरेज सिस्टम को ध्वस्त किया गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले स्थानीय सैक्टर-1 स्थित उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।







# महाप्रबंधक के खिलाफ रोडवेज कर्मियों का सांकेतिक धरना



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरना देते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के सदस्य।

**तालमेल कमेटी ने चेताया जल्द मांगें न मानी गईं तो होगा बड़ा आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

तालमेल कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को रोडवेज परिसर में महाप्रबंधक के खिलाफ सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सांकेतिक धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता तालमेल कमेटी के सभी डिपो प्रधानों सुमेश कुंडू, सुरेश नहरा, संदीप सिंघवा, जोगेंद्र ढुल, संदीप खोखर, राजेश पंघाल, मंजीत कारोड़ और नरेश सिवाच ने की। मंच का संचालन जोगेंद्र ढुल और सुरेश नहरा ने संयुक्त रूप से किया।

**मंच का संचालन जोगेंद्र ढुल और सुरेश नहरा ने संयुक्त रूप से किया**

धरने में राज्य सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य जयभगवान कादयान, जोगेंद्र मलिक, अमित महराणा, सुमेर सिवाच, दिनेश हुड्डा, ओम डाबोथा, जगदीप लाठर, को दिया गया था, जिस पर 14 अक्टूबर को हुई बैठक में महाप्रबंधक ने अधिकांश मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया। नेताओं ने कहा कि चालक-परिचालकों के साप्ताहिक विश्राम रद्द करना गैरकानूनी है। कर्मचारियों के एसीपी लंबित हैं, मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो रहा और किलोमीटर स्कीम की बसों को निर्धारित दूरी से अधिक चलाया जा रहा है।

साथ ही मुख्यालय के आदेशों के बावजूद कई कर्मचारियों के तबादले भी नहीं किए गए हैं। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो तालमेल कमेटी राज्य सांझा मोर्चा के साथ मिलकर बड़े आंदोलन का निर्णय लेगी। धरने में सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता दिखाई।